# SPE/II/2026
## GENERAL APTITUDE TEST

Series **D**

Question Booklet No. / प्रश्न पुस्तिका क्रम संख्या **7582344**

अनुक्रमांक Roll No. ← परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 32

समय/Time : 2 घण्टे/2 Hours

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

पूर्णांक/Total Marks : 300

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं हिन्दी व अंग्रेज़ी में छपी है। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं।
2. प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की निर्धारित संख्या 100 है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक दिया जाएगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा।**
5. प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न-पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें।
6. प्रदत्त ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
7. कृपया ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
8. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्य कहीं नहीं तथा ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक पर भी नहीं किया जाए।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

### INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in Hindi and English languages. Candidates should select any one of the two languages according to their convenience.
2. The Question Booklet contains **100** questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
3. All questions are compulsory.
4. **All questions carry equal marks. Each correct answer awards 3 marks and for each wrong answer 1 mark will be deducted.**
5. The cover page indicates the number of pages in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
6. Read carefully the instructions given on the OMR Answer Sheet supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the OMR Answer Sheet at the places indicated and nowhere else.
8. Examinee should do all rough work in the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the OMR Answer Sheet.
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.

1. नीचे तीन तथ्य और उसके पश्चात् तीन कथन I, II और III दिये गए हैं। कौन-सा/से कथन तथ्यों का अनुगमन करता है/करते हैं? उसे/उन्हें छाँटकर **सही** विकल्प चुनें :

**तथ्य – 1 :** जेसिका के चार बच्चे हैं।

**तथ्य – 2 :** दो बच्चों की आँखें नीली हैं और दो बच्चों की आँखें भूरी हैं।

**तथ्य – 3 :** आधे बच्चे लड़कियाँ हैं।

**कथन – I :** कम से कम एक लड़की की आँख नीली है।

**कथन – II :** दो बच्चे लड़के हैं।

**कथन – III :** लड़कों की आँखे भूरी हैं।

[A] केवल II

[B] केवल I और III

[C] केवल II और III

[D] केवल III

2. गीता अपनी चचेरी बहन मीरा से बड़ी है। मीरा का भाई अमन, गीता से भी बड़ा है। जब मीरा और अमन, गीता के घर आते हैं, तो तीनों को लूडो खेलना पसंद है। मीरा, गीता की तुलना में अधिक बार जीतती है। **सही** कथन चुनें :

[A] जब अमन, मीरा और गीता के साथ खेलता है, तो वह अक्सर हार जाता है।


[B] तीनों में गीता सबसे बड़ी है।

[C] गीता को खेल में हारना बिल्कुल पसंद नहीं है।

[D] तीनों में से मीरा **सबसे** छोटी है।

7582344

3. यदि नीचे दिये गये चित्र में दिखाए गये जाल का उपयोग करके घन बनाया जा सकता है, तो कौन-सा किनारा AN से मिलता है?





[A] HG

[B] LK

[C] CD

[D] IH

4. नीचे दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



[A] 9

[B] 12

[C] 15

[D] 16

1. Following are given three Facts, followed by three Statements I, II and III. Select the statement(s) which follow(s) the facts and choose the ***correct*** option :

**Fact- 1 :** Jessica has four children.

**Fact- 2 :** Two children have blue eyes and two children have brown eyes.

**Fact- 3 :** Half of the children are girls.

**Statement – I :** At least one girl has blue eyes.

**Statement – II :** Two of the children are boys.

**Statement – III :** The boys have brown eyes.

[A] II only

[B] I and III only

[C] II and III only

[D] III only

2. Gita is older than her cousin Meera. Meera's brother Aman is older than Gita. When Meera and Aman visit Gita's home, all three like to play ludo. Meera wins more often than Gita does. Choose the ***correct*** statement :

[A] When Aman plays with Meera and Gita, he often loses.


[B] Of the three, Gita is the oldest.

[C] Gita absolutely dislikes losing the game.

[D] Of the three, Meera is the youngest.

7582344

3. If the net given below in the figure can be used to make a cube, then which edge meets AN ?





[A] HG

[B] LK

[C] CD

[D] IH

4. How many triangles are there in the figure given below?



[A] 9

[B] 12

[C] 15

[D] 16

5. एक कोचिंग क्लास में छह छात्र $A$, $B$, $C$, $D$, $E$ और $F$ हैं। $A$ और $E$ भाई हैं। $F$, $E$ की बहन है। $C$, $A$ के चाचा का इकलौता बेटा है। $B$ और $D$, $C$ के पिता के भाई की बेटियाँ हैं। इस आधार पर निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

I. यहाँ 3 महिला विद्यार्थी हैं।

II. यहाँ 2 पुरुष विद्यार्थी हैं।

III. $C$ और $F$ चचेरे भाई/बहन हैं।

[A] केवल I और II

[B] केवल II और III

[C] I, II और III

[D] केवल I और III

6. रमेश बिन्दु $A$ से चलना शुरू करता है और उत्तर की ओर 12 किमी चलता है। वहाँ से दायें मुड़ता है और 4 किमी चलता है, फिर से वह दायें मुड़ता है और 9 किमी चलता है। वह अपने प्रारंभिक बिन्दु से कितनी दूर और किस दिशा में है?

[A] 13 किमी पूर्व

[B] 13 किमी दक्षिण

[C] 5 किमी उत्तर

[D] 5 किमी उत्तर-पूर्व

7582344

7. नर्स कोमल ने नर्स रीता की तुलना में लगातार अधिक नाइट शिफ्ट की है, जिन्होंने 5 शिफ्ट की है। नर्स मीरा ने लगातार 15 नाइट शिफ्ट की है, जो नर्स कोमल और रीता की संयुक्त शिफ्ट से भी अधिक है। नर्स कशिश ने लगातार 8 नाइट शिफ्ट की है, जो नर्स कोमल से कम है। नर्स कोमल ने लगातार कितनी नाइट शिफ्ट की है?


[A] 8


[B] 9


[C] 10

[D] 11

8. निम्नलिखित में कौन-सा वेन आरेख, तीन वर्गों को सबसे अच्छी तरह से दर्शाता है : समचतुर्भुज, चतुर्भुज, बहुभुज?

[A] 

[B] 

[C] 

[D] 

5. In a coaching class there are six students namely $A$, $B$, $C$, $D$, $E$ and $F$. $A$ and $E$ are brothers. $F$ is the sister of $E$. $C$ is the only son of $A$'s uncle. $B$ and $D$ are the daughters of the brother of $C$'s father. Which of the following statements are ***true*** on the basis of this?

I. There are 3 female students.

II. There are 2 male students.

III. $C$ and $F$ are cousins.

[A] I and II only

[B] II and III only

[C] I, II and III

[D] I and III only

7582344

6. Ramesh starts walking from a point $A$ and walks 12 km towards North. From there he turns right and walks 4 km, then he again turns right and walks 9 km. How far and in which direction is he from his starting point?

[A] 13 km East

[B] 13 km South

[C] 5 km North

[D] 5 km North-East

7. Nurse Komal has worked more consecutive night shifts than nurse Reeta, who has worked 5 shifts. Nurse Meera has worked 15 consecutive night shifts, which is more than the combined shifts of nurse Komal and nurse Reeta. Nurse Kashish has worked 8 consecutive night shifts, which is less than nurse Komal. How many consecutive night shifts has nurse Komal worked?


[A] 8


[B] 9


[C] 10

[D] 11

8. Which one of the following Venn diagrams best illustrates the three classes : Rhombus, Quadrilaterals, Polygons?

[A] 

[B] 

[C] 

[D] 

9. पाँच व्यक्तियों के एक समूह $P, Q, R, S$ और $T$ में से एक मनोवैज्ञानिक है, एक केमिस्ट, एक डॉक्टर, एक व्यवसायी और एक शिक्षक है। इनमें से तीन व्यक्ति $P$, $R$ और शिक्षक व्यायाम करते हैं और दो व्यक्ति $Q$ और डॉक्टर व्यायाम नहीं करते हैं। व्यवसायी, $S$ और $P$ एक दूसरे के मित्र हैं, लेकिन इनमें से दो व्यक्ति व्यायाम नहीं करते हैं। मनोवैज्ञानिक, $R$ का भाई है।

उपरोक्त परिच्छेद के आधार पर, मनोवैज्ञानिक कौन है?

[A] $P$

[B] $Q$

[C] $S$

[D] $T$

10. कथन :

सभी बकरियाँ बाघ हैं किन्तु सभी बाघ बकरियाँ नहीं हैं।

निष्कर्ष :

I. कुछ बाघ बकरियाँ हैं।

II. कुछ बकरियाँ बाघ नहीं हैं।

कथन के आधार पर निष्कर्षों के लिये निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प **सही** है?

[A] केवल I अनुसरण करता है।

[B] केवल II अनुसरण करता है।

[C] I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

[D] I और II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं।

7582344

11. निम्नलिखित समीकरण में $x$ चिह्न किस अंक में बदलेगा?

$x - 1586219 = 1903431$

[A] 6243566

[B] 3489650

[C] 3526719

[D] 4132282

12. पांच संख्याओं का औसत 15 है। यदि प्रत्येक संख्या को 3 से विभाजित किया जाए तो नई संख्याओं का औसत क्या होगा?

[A] 5

[B] 15

[C] 45

[D] 20

13. अमन, राज से बड़ा है लेकिन संदीप से छोटा है। रवि, अमन से छोटा है लेकिन राज से बड़ा है। विक्रम, राज और संदीप से बड़ा है। सबसे बड़ा कौन है?

[A] राज

[B] रवि

[C] विक्रम

[D] संदीप

9. Among a group of five persons $P$, $Q$, $R$, $S$ and $T$, one is a psychologist, one is a chemist, one is a doctor, one is a businessman and one is a teacher. Three of them $P$, $R$ and the teacher do exercise and two of them $Q$ and the doctor are non-exercisers. The businessman, $S$ and $P$ are friends to one another but two of them are non-exercisers. The psychologist is $R$'s brother.

Based on the above paragraph, who is the psychologist?

[A] $P$

[B] $Q$

[C] $S$

[D] $T$

10. **Statement :**

All goats are tigers but all tigers are not goats.

**Conclusions :**

I. Some tigers are goats.

II. Some goats are not tigers.

Which of the following options is ***true*** for the conclusions based on the statement?

[A] Only I follows.

[B] Only II follows.

[C] Both I and II follow.

[D] Both I and II do not follow.

7582344

11. Which value will replace the $x$ mark in the following equation?

$x - 1586219 = 1903431$

[A] 6243566

[B] 3489650

[C] 3526719

[D] 4132282

12. The average of five numbers is 15. If each number is divided by 3, what will be the average of the new set of numbers?

[A] 5

[B] 15

[C] 45

[D] 20

13. Aman is older than Raj but younger than Sandeep. Ravi is younger than Aman but older than Raj. Vikram is older than Raj and Sandeep. Who is the oldest?

[A] Raj

[B] Ravi

[C] Vikram

[D] Sandeep

14. निम्नलिखित शब्दों का सही तार्किक अनुक्रम कौन-सा है?

(a) अण्डा

(b) कीट (कैटरपिलर)

(c) क्रिसलिस

(d) तितली

[A] (a), (b), (c), (d)

[B] (a), (c), (b), (d)

[C] (d), (c), (b), (a)

[D] (b), (a), (c), (d)

15. निम्नलिखित श्रेणी में अगला अंक ढूंढें :

4, 5, 8, 13, 20, ?

[A] 29

[B] 31

[C] 28

[D] 33

16. रिक्त स्थान भरें :

1, 10, 19, _____, 37, 46

[A] 29

[B] 32

[C] 28

[D] 24

17. निम्नलिखित में से कौन उच्चतम (superlative) रूप में है?

[A] ज्यादा सुन्दर

[B] सबसे लम्बा

[C] ज्यादा आसानी से

[D] ज्यादा मजबूत

18. सही विकल्प चुनें :

बांसुरी : क्लैरिनेट :: वीणा : ?

[A] पियानो

[B] सितार

[C] तबला

[D] सैक्सोफोन

19. सही विकल्प चुनें जो प्रश्न चिह्न के जगह पर आएगा।

WORD : 23, 15, 18, 4 :: WRITE : ?

[A] 23, 18, 9, 20, 5

[B] 22, 19, 9, 10, 6

[C] 23, 9, 18, 10, 5

[D] 18, 23, 10, 5, 9

20. यदि 'कलम' को 'कागज', 'कागज' को 'किताब', 'किताब' को 'मेज' और 'मेज' को 'कुर्सी' कहा जाता है, तो हम निम्नलिखित में से किस पर लिख सकते हैं?

[A] कागज

[B] किताब

[C] मेज

[D] उपरोक्त में से कोई नहीं

21. समस्या समाधान में ब्रेनस्टॉर्मिंग का क्या लाभ है?

[A] यह विचारों की संख्या को सीमित करता है।

[B] यह विचारों की विस्तृत श्रृंखला को उत्पन्न करने में मदद करता है।

[C] यह सर्वश्रेष्ठ समाधान की गारंटी देता है।

[D] यह सभी संघर्षों से बचाता है।

7582344

14. Which is the **correct** logical sequence of the following words?

(a) Egg

(b) Caterpillar

(c) Chrysalis

(d) Butterfly

[A] (a), (b), (c), (d)

[B] (a), (c), (b), (d)

[C] (d), (c), (b), (a)

[D] (b), (a), (c), (d)

15. Find the next number in the following series :

4, 5, 8, 13, 20, ?

[A] 29

[B] 31

[C] 28

[D] 33

16. Fill in the blank :

1, 10, 19, _____, 37, 46

[A] 29

[B] 32

[C] 28

[D] 24

17. Which of the following is in the superlative form?

[A] More beautiful

[B] Tallest

[C] More easily

[D] Stronger

7582344

18. Choose the **correct** alternative :

Flute : Clarinet :: Veena : ?

[A] Piano

[B] Sitar

[C] Tabla

[D] Saxophone

19. Choose the **correct** option which will replace the question mark.

WORD : 23, 15, 18, 4 :: WRITE : ?

[A] 23, 18, 9, 20, 5

[B] 22, 19, 9, 10, 6

[C] 23, 9, 18, 10, 5

[D] 18, 23, 10, 5, 9

20. If 'pen' is called 'paper', 'paper' is called 'book', 'book' is called 'table' and 'table' is called 'chair', then which of the following do we write on?

[A] Paper

[B] Book

[C] Table

[D] None of the above

21. What is the benefit of brainstorming in problem solving?

[A] It limits the number of ideas.

[B] It helps to generate a wide range of ideas.

[C] It guarantees the best solution.

[D] It avoids all conflicts.

22. निर्णय मैट्रिक्स किस लिए उपयोगी है?

[A] विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन और तुलना करना।

[B] नए विचार उत्पन्न करना।

[C] मूल कारणों का निर्धारण करना।

[D] निर्णयों को लागू करना।

23. निर्णय लेते समय, पूर्वाग्रहों से बचने के लिए आपको क्या विचार करना चाहिए?

[A] केवल व्यक्तिगत राय पर भरोसा करना।

[B] विविध दृष्टिकोणों पर विचार करना।

[C] दूसरों की कही बातों को अनदेखा करना।

[D] अपनी प्रारंभिक पसंद पर टिके रहना।

24. निम्नलिखित में से निर्णय लेने के लिए जानकारी एकत्र करने का प्रभावी तरीका कौन-सा है?

[A] केवल अन्तर्ज्ञान पर भरोसा करना।

[B] केवल पुराने डेटा का उपयोग करना।

[C] विभिन्न विश्वसनीय स्रोतों से परामर्श करना।

[D] प्रासंगिक तथ्यों को अनदेखा करना।

25. 'डेल्फी' तकनीक मुख्य रूप से किस लिए उपयोग की जाती है?

[A] विशेषज्ञों की राय एकत्र करने के लिए

[B] रचनात्मक विचार उत्पन्न करने के लिए

[C] त्वरित निर्णय लेने के लिए

[D] वित्तीय जोखिमों का मूल्यांकन करने के लिए

26. स्वॉट (SWOT) विश्लेषण एक ऐसा औजार है जिसके प्रयोग से पहचाना जाता है :

[A] ताकत, कमजोरियाँ, अवसर और खतरे।

[B] समाधान, कमजोरियाँ, परिणाम और रुझान।

[C] ताकत, कमजोरियाँ, विकल्प और रणनीतियाँ।

[D] रणनीतियाँ, जीत, अवसर और खतरे।

27. निर्णय लेने में अन्तर्ज्ञान की क्या भूमिका है?

[A] यह एक मात्र कारक होना चाहिए, जिस पर विचार किया जाए।

[B] यह तार्किक विश्लेषण के साथ मिलकर मूल्यवान अन्तर्दृष्टि प्रदान कर सकता है।

[C] यह हमेशा अविश्वसनीय होता है।

[D] यह डेटा की आवश्यकता को बदल देता है।

28. यदि समस्या के लिए आपका प्रारंभिक समाधान काम नहीं करता है, तो आपको क्या करना चाहिए?

[A] समस्या का समाधान करने से हार मान लें।

[B] समस्या का पुनर्मूल्यांकन करें और एक अलग समाधान का प्रयास करें।

[C] विफलता के लिए दूसरों को दोष दें।

[D] परिणाम की परवाह किए बिना मूल समाधान पर टिके रहें।

7582344

22. A decision matrix is useful for :

[A] Evaluating and comparing different options.

[B] Generating new ideas.

[C] Determining root causes.

[D] Implementing decisions.

23. While making a decision, what should you consider to avoid biases?

[A] To rely only on personal opinion.

[B] To consider diverse perspectives.

[C] To disregard other people's inputs.

[D] To stick to your initial choice.

24. Which of the following is the effective way to gather information for making a decision?

[A] To rely solely on your intuition.

[B] To use only outdated data.

[C] To consult multiple reliable sources.

[D] To ignore relevant facts.

25. The 'Delphi' technique is primarily used to :

[A] Collect experts' opinions.

[B] Generate creative ideas.

[C] Make quick decisions.

[D] Evaluate financial risks.

26. SWOT analysis is a tool used to identify :

[A] Strengths, Weaknesses, Opportunities and Threats.

[B] Solutions, Weaknesses, Outcomes and Trends.

[C] Strengths, Weaknesses, Options and Tactics.

[D] Strategies, Wins, Opportunities and Threats.

27. In decision-making, what is the role of intuition?

[A] It should be the only factor to be considered.

[B] It can provide valuable insights in conjunction with logical analysis.

[C] It is always unreliable.

[D] It replaces the need for data.

28. What should you do if your initial solution to a problem does not work?

[A] Give up on solving the problem.

[B] Reassess the problem and try a different solution.

[C] Blame others for the failure.

[D] Stick to the original solution regardless of the outcome.

7582344

**29.** निर्णय लेने से पहले कई विकल्पों का मूल्यांकन महत्वपूर्ण क्यों है?

[A] यादृच्छिक चयन सुनिश्चित करने के लिए।

[B] सबसे अच्छा समाधान खोजने की संभावना बढ़ाने के लिए।

[C] स्वयं को भ्रमित करने के लिए।

[D] निर्णय लेने से बचने के लिए।

**30.** समस्या समाधान में 'फ्लोचार्ट' का उपयोग करने का क्या लाभ है?

[A] यह समस्या को जटिल बना देता है।

[B] यह शामिल चरणों का एक दृश्य चित्रण प्रदान करता है।

[C] यह समाधानों की संख्या को सीमित करता है।

[D] यह व्यवस्थित सोच को हतोत्साहित करता है।

**31.** 95 एवं 500 के बीच ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके इकाई के स्थान पर 7 है?

[A] 40

[B] 41

[C] 50

[D] 51

**32.** यदि तीन क्रमागत पूर्णांकों का योग उनके गुणनफल के बराबर है, तो ऐसी कितनी संभावनाएँ हैं?

[A] 1

[B] 2

[C] 3

[D] 4

7582344

**33.** राजेश एवं सुरेश की मासिक आय का अनुपात 4 : 3 तथा उनके मासिक व्यय का अनुपात 3 : 2 है। यदि किसी एक माह के अंत में प्रत्येक की बचत ₹ 6,000 है, तो उनकी मासिक आयों का योग है :

[A] ₹ 12,000

[B] ₹ 22,000

[C] ₹ 32,000

[D] ₹ 42,000


**34.** एक फर्म की कुल उत्पादन लागत ₹ 300 लाख रूपये है। नीचे दिया गया पाई चार्ट विभिन्न उद्देश्यों में उत्पादन लागत के प्रतिशत को दर्शाता है। अक्षर $R$, $P$, $L$, $M$ निम्नलिखित को दर्शाते हैं,

$R$ = कच्चे माल की लागत

$P$ = पैकेजिंग लागत

$L$ = श्रम लागत

$M$ = रखरखाव लागत




तब पैकेजिंग लागत एवं श्रम लागत को मिलाकर कुल राशि है :

[A] ₹ 120 लाख

[B] ₹ 140 लाख

[C] ₹ 150 लाख

[D] ₹ 180 लाख

29. Why is it important to evaluate multiple options before making a decision?

[A] To ensure a random choice.

[B] To increase the chances of finding the best solution.

[C] To confuse yourself.

[D] To avoid making a decision.

30. What is the benefit of using a flowchart in problem solving?

[A] It complicates the problem.

[B] It provides a visual representation of the steps involved.

[C] It limits the number of solutions.

[D] It discourages systematic thinking.

31. How many numbers are there in between 95 and 500 having the digit 7 at the unit's place?

[A] 40

[B] 41

[C] 50

[D] 51

32. If the sum of three consecutive integers is equal to their product, then how many such possibilities are there?

[A] 1

[B] 2

[C] 3

[D] 4

7582344

33. The monthly incomes of Rajesh and Suresh are in the ratio 4 : 3 and their monthly expenses are in the ratio 3 : 2. If each saves ₹ 6,000 at the end of a month, then the sum of their monthly incomes is :

[A] ₹ 12,000

[B] ₹ 22,000

[C] ₹ 32,000

[D] ₹ 42,000


34. Total cost of production of a firm is ₹ 300 lakh. The following pie chart shows the percentage distribution of the production cost for different purposes. The letters *R*, *P*, *L*, *M* represent :

*R* = Cost of raw material

*P* = Packaging cost

*L* = Labour cost

*M* = Maintenance cost




Then packaging cost and labour cost together amount to :

[A] ₹ 120 lakh

[B] ₹ 140 lakh

[C] ₹ 150 lakh

[D] ₹ 180 lakh

**35.** यदि

$P = 2 \times 4 \times 6 \times ... \times 20$ एवं

$Q = 1 \times 3 \times 5 \times 7 \times 9 \times ... \times 19$,

तो $P$ तथा $Q$ का महत्तम समापवर्तक है :

[A] $3^4 \times 5^2 \times 7$

[B] $3^3 \times 5^2 \times 7$

[C] $3^3 \times 5^3 \times 7$

[D] $3^4 \times 5^3 \times 7$

**36.** $\frac{1}{\sqrt{9}+\sqrt{10}} + \frac{1}{\sqrt{10}+\sqrt{11}} + \frac{1}{\sqrt{11}+\sqrt{12}} + ...$

91 पदों तक का मान है :

[A] 6

[B] 7

[C] 8

[D] 9

**37.** एक संख्या को 32 से विभाजित करने पर 28 शेषफल प्राप्त होता है। उसी संख्या को 8 से विभाजित करने पर शेषफल होगा :

[A] 2

[B] 4

[C] 6

[D] 7

**38.** यदि $a679b$, 72 से विभाजित होने वाली एक 5-अंकीय संख्या है, तो $a - b$ का मान है :

[A] 1

[B] –1

[C] 2

[D] –2

**39.** $48 + 5 \times 0.75 - 27 \div 4$ का मान है :

[A] 51

[B] 45.25

[C] 51.25

[D] 45

**40.** यदि $y^2 - x^2 = 84$ तथा $x - y = -7$, तो $x \times y$ का मान है :

[A] $\frac{95}{2}$

[B] $\frac{93}{4}$

[C] $\frac{98}{4}$

[D] $\frac{95}{4}$

7582344

35. If
$P = 2 \times 4 \times 6 \times \ldots \times 20$ and
$Q = 1 \times 3 \times 5 \times 7 \times 9 \times \ldots \times 19$,
then the highest common factor of $P$ and $Q$ is :

[A] $3^4 \times 5^2 \times 7$

[B] $3^3 \times 5^2 \times 7$

[C] $3^3 \times 5^3 \times 7$

[D] $3^4 \times 5^3 \times 7$

36. The value of

$$\frac{1}{\sqrt{9}+\sqrt{10}} + \frac{1}{\sqrt{10}+\sqrt{11}} + \frac{1}{\sqrt{11}+\sqrt{12}} + \ldots$$

up to 91 terms is :

[A] 6

[B] 7

[C] 8

[D] 9

37. A number when divided by 32, gives a remainder of 28. The same number when divided by 8, the remainder will be :

[A] 2

[B] 4

[C] 6

[D] 7

7582344

38. If $a679b$ is a 5-digit number divisible by 72, then $a-b$ is equal to :

[A] 1

[B] –1

[C] 2

[D] –2

39. The value of

$$48 + 5 \times 0.75 - 27 + 4$$

is :

[A] 51

[B] 45.25

[C] 51.25

[D] 45

40. If $y^2 - x^2 = 84$ and $x - y = -7$, then the value of $x \times y$ is :

[A] $\frac{95}{2}$

[B] $\frac{93}{4}$

[C] $\frac{98}{4}$

[D] $\frac{95}{4}$

## गद्यांश – 1

*निर्देश (प्रश्न संख्या 41 – 45) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के उत्तर दिए गए गद्यांश पर आधारित होने चाहिए।*

राजा राव, गांधी और उनके विचारों को अपने पहले उपन्यास, 'कंथापुरा' में, जो मैसूर के एक छोटे से गाँव पर पड़े प्रभाव को सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने में सक्षम है। यहाँ पर कथावाचक वृद्ध महिला जो हमें गाँव के जीवन के बारे में बताती है, कहानी को वाचाल और विस्तारित शैली से सुनाते हुए, धार्मिक प्रवचन, कविता, लोककथा, इतिहास और किंवदंती को एक साथ पिरोती हुए वर्णन करती है। 'कंथापुरा' एक अर्थ में कल्पना में यथार्थवाद की रचना है, फिर भी यह विशुद्ध रूप से यथार्थवादी नहीं है। यह मिथकों, देवी-देवताओं, अंधविश्वासों और रहस्यमय अंतर्दृष्टियों से परिपूर्ण है। यह उपन्यास एक उत्कृष्ट रचना है जिसमें समकालीन भारत के इतिहास की कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं को शामिल किया गया है, जैसे गाँधी की नमक यात्रा, उनकी भूख हड़ताल, उनकी गिरफ्तारी और पुलिस द्वारा सत्याग्रह में भाग लेनेवाले लोगों का क्रूर नरसंहार।

**41.** इस गद्यांश में प्रयुक्त 'वाचाल' शब्द का विलोम शब्द है :

[A] कम बोलने वाला

[B] मिलनसार

[C] बहिर्मुखी

[D] खुशमिजाज

**42.** यह गद्यांश 'कंथापुरा' के किस विरोधाभाषी गुण को उजागर करता है?

[A] यह यथार्थवादी तत्वों को मिथकों, ईश्वर और अंधविश्वासों के साथ जोड़ता है।

[B] यह पूरी तरह से पौराणिक है।

[C] यह पूरी तरह से ऐतिहासिक है।

[D] इसमें गांधीजी का कोई जिक्र नहीं है।

**43.** इस गद्यांश में 'कंथापुरा' कथा तकनीक की विशेषता का पता चलता है :

[A] एक रेखीय कालानुक्रमिक संरचना द्वारा।

[B] यथार्थवादी परंपराओं का कड़ाई से पालन द्वारा।

[C] समकालीन राजनीतिक घटनाओं पर विशेष ध्यान द्वारा।

[D] एक ऐसी विवेचनात्मक शैली द्वारा जो कई तत्वों को आपस में जोड़ती है।

**44.** 'कंथापुरा' उपन्यास भारत के किस भाग से संबंधित है?

[A] दक्षिणी

[B] उत्तरी

[C] पश्चिमी

[D] पूर्वी

**45.** 'कंथापुरा' उपन्यास में किस साहित्यिक युक्ति का प्रयोग किया गया है?

[A] उपमा

[B] अनुप्रास

[C] रूपक

[D] पूर्वाभास

## Passage – 1

***Direction* (Q. Nos. 41 – 45) :** *Read the following passage and answer the questions asked at the end. The answers to the questions should be based on the passage.*

In his first novel, *Kanthapura*, Raja Rao is able to successfully bring out the impact of Gandhi and his ideas on a small Mysore village. The narrator, an old woman, tells us about life in the village, narrating the story in a garrulous and descriptive style, bringing in narration, religious discourses, poetry, folklore, history and legend together. *Kanthapura*, in a sense, is a work of realism in fiction, yet it is not purely realistic. It is combined with myths, Gods and Goddesses, blind superstitions and mysterious insights. This novel is an excellent piece of work that includes a few significant events of history in contemporary India like the Salt March of Gandhi, his hunger strike, his arrest and the brutal massacre of the people participating in the Satyagraha, by the police.

**41.** An antonym for the word 'garrulous' as used in the passage would be :

[A] Taciturn

[B] Sociable

[C] Extrovert

[D] Convivial

**42.** What paradoxical quality of *Kanthapura* does the passage highlight?

[A] It combines realistic elements with myths, Gods and superstitions.

[B] It is entirely mythological.

[C] It is entirely historical.

[D] It avoids all references to Gandhiji.

7582344

**43.** The passage suggests that *Kanthapura*'s narrative technique is characterized by :

[A] A linear, chronological structure.

[B] Strict adherence to realistic conventions.

[C] Exclusive focus contemporary political events.

[D] An inductive style that interweaves multiple elements.

**44.** *Kanthapura* novel is related to which part of India?

[A] Southern

[B] Northern

[C] Western

[D] Eastern

**45.** Literary device used in the novel *Kanthapura* is :

[A] Simile

[B] Alliteration

[C] Allegory

[D] Foreshadowing

## गद्यांश – 2

*निर्देश (प्रश्न संख्या 46 – 50) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के उत्तर दिए गए गद्यांश पर आधारित होने चाहिए।*

व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र का प्रयोग शब्दों के एकत्रीकरण के स्तर के संदर्भ में किया जाता है यानि आर्थिक विश्लेषण में आर्थिक इकाइयों और उसके परिवर्तन को किस हद तक शामिल किया जाता है। इसके एक छोर पर एकल आर्थिक इकाई के व्यवहार और प्रतिक्रियाओं के विश्लेषण को शामिल किया जाता है और दूसरे पर पूरी अर्थव्यवस्था को शामिल कर सकता है। ये दोनों शब्द (सूक्ष्म और वृहद्) ग्रीक शब्द 'माइक्रोस' और 'मैक्रोस' से व्युत्पन्न हैं जिनका अर्थ छोटा और बड़ा होता है। व्यष्टि अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के व्यक्तिगत तत्वों के व्यवहार से संबंधित है, जैसे किसी उत्पाद की कीमत का निर्धारण या किसी एक उपभोक्ता या व्यावसायिक संगठन (फर्म) का व्यवहार।

**46.** इस गद्यांश के आधार पर व्यष्टि और समष्टि अर्थशास्त्र के बीच मूलभूत अंतर क्या है?

[A] व्यष्टि अर्थशास्त्र सिद्धांत का अध्ययन करता है, जबकि समष्टि अर्थशास्त्र व्यवहार का अध्ययन करता है।

[B] व्यष्टि अर्थशास्त्र व्यक्तिगत इकाइयों पर ध्यान केन्द्रित करता है, जबकि समष्टि अर्थशास्त्र बड़े समूह या सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का वर्णन करता है।

[C] व्यष्टि अर्थशास्त्र आधुनिक है, जबकि समष्टि अर्थशास्त्र पारम्परिक है।

[D] व्यष्टि अर्थशास्त्र गणित पर आधारित है, जबकि समष्टि अर्थशास्त्र गणितीय नहीं है।

**47.** व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र ग्रीक शब्द से लिए गए हैं। इन दोनों शब्दों का क्या अर्थ है?

[A] व्यक्तिगत और सामूहिक

[B] सरल और जटिल

[C] छोटा और बड़ा

[D] आपूर्ति और माँग

**48.** इस गद्यांश में व्यष्टि अर्थशास्त्र संबंधित है :

[A] व्यवसायिक संगठन के व्यवहार से

[B] अर्थव्यवस्था के व्यक्तिगत तत्वों के व्यवहार से

[C] उत्पाद के मूल्य से

[D] एकल आर्थिक इकाई के व्यवहार से

**49.** इस गद्यांश में 'एकत्रीकरण' शब्द का सबसे निकटतम शब्द है :

[A] पृथक्करण

[B] संग्रह

[C] घटाव

[D] एकांत

**50.** इस गद्यांश के अनुसार, व्यष्टि अर्थशास्त्र निम्न में से किससे संबंधित है?

[A] सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था

[B] अर्थशास्त्र इकाइयों का विशाल संग्रह

[C] व्यक्तिगत तत्व जैसे एकल उपभोक्ता या फर्म

[D] अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पैटर्न (प्रतिमान)

7582344

## Passage – 2

***Direction (Q. Nos. 46 – 50)** : Read the following passage and answer the questions asked at the end. The answers to the questions should be based on the passage.*

The terms microeconomics and macroeconomics are used in connection with the level of aggregation that is the extent to which economic units and variable are covered in economic analysis. At one end the analysis may cover the behaviour and responses of a single economic unit and at other extreme it may cover the entire economy. These two terms (micro and macro) are derived from Greek words 'mikros' and 'makros' which mean small and large respectively. Microeconomics deals with the behaviour of individual elements in an economy such as the determination of the price of a single product or the behaviour of single consumer or business firm.

**46.** Based on the passage, what is the fundamental distinction between microeconomics and macroeconomics?

[A] Microeconomics studies theory while macroeconomics studies practice.

[B] Microeconomics focuses on individual units while macroeconomics covers large aggregates or the entire economy.

[C] Microeconomics is modern while macroeconomics is traditional.

[D] Microeconomics is based on mathematics whereas macroeconomics is not mathematical.

**47.** The terms microeconomics and macroeconomics are derived from the Greek words which mean :

[A] Individual and collective

[B] Simple and complex

[C] Small and large

[D] Supply and demand

**48.** In this passage, macroeconomics is related to the :

[A] Behaviour of business firm

[B] Behaviour of individual elements in an economy

[C] Price of the product

[D] Behaviour of single economic unit

**49.** The word 'aggregation' in the passage is closest in meaning to :

[A] Separation

[B] Collection

[C] Subtraction

[D] Isolation

**50.** According to the passage, microeconomics deals with :

[A] Entire economy

[B] Large collection of economic units

[C] Individual elements like single consumer or firm

[D] International trade pattern

7582344

51. बाधा जो भौतिक विनाश के कारण होती है, कहलाती है :

[A] अर्थ संबंधी बाधाएँ

[B] शारीरिक (भौतिक) बाधाएँ

[C] सांस्कृतिक बाधाएँ

[D] मनोवैज्ञानिक बाधाएँ

52. निम्नलिखित में से किस कारक से संचार का दृष्टिकोण प्रभावित हो सकता है?

[A] पिछला अनुभव

[B] केवल भाषा

[C] केवल शोर

[D] प्रभावित नहीं किया जा सकता है

53. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वाक् प्रक्रिया के अध्ययन को संदर्भित करता है?

[A] अर्थ विज्ञान

[B] ध्वन्यात्मकता

[C] उपस्वन

[D] स्वर विज्ञान

54. आदेश और निर्देश का उदाहरण है :

[A] अवरोही संचार

[B] आरोही संचार

[C] पार्श्व संचार

[D] आंतसंबंधी संचार

55. निम्नलिखित में से कौन संचार का तत्व **नहीं** है?

[A] प्रेषक

[B] संदेश

[C] प्रतिपुष्टि

[D] टेलीफोन

56. निम्नलिखित में से कौन-सा, अशाब्दिक संचार का उदाहरण है?

[A] ई-मेल

[B] व्याख्यान

[C] हाथ के इशारे

[D] समाचार पत्र (न्यूज़लेटर)

57. संचार में शोर का तात्पर्य है :

[A] तेज आवाज

[B] कोई भी हस्तक्षेप जो संदेश को विकृत करता है

[C] शान्त वातावरण

[D] केवल शारीरिक आवाज

58. संचार प्रक्रिया का प्रथम कदम है :

[A] प्रतिपुष्टि

[B] लिपिबद्धकरण (संकेतन)

[C] प्रेषक के पास एक विचार होना

[D] संकेतवाचन

59. अनौपचारिक संचार को अन्यथा भी जाना जाता है :

[A] अंगूर संचार

[B] पार्श्व संचार

[C] संचार संबंधी

[D] ऊर्ध्वाधर संचार

60. संचार में प्रतिपुष्टि सहायता करता है :

[A] प्रेषक को भ्रमित करने के लिए

[B] समझने की पुष्टि करने के लिए

[C] प्रक्रिया में देरी करने के लिए

[D] गलत डेटा भेजने के लिए

7582344

51. A barrier that occurs due to physical distractions is called :

[A] Semantic barrier

[B] Physical barrier

[C] Cultural barrier

[D] Psychological barrier

52. Perspectives in communication can be influenced by :

[A] Past experience

[B] Language only

[C] Noise only

[D] Cannot be influenced

53. Which of the following terms refers to the study of speech process?

[A] Semantics

[B] Phoneticology

[C] Allophones

[D] Phonetics

54. Orders and directives are the examples of :

[A] Downward communication

[B] Upward communication

[C] Lateral communication

[D] Visceral communication

55. Which of the following is ***not*** a component of communication?

[A] Sender

[B] Message

[C] Feedback

[D] Telephone

56. Which of the following is an example of non-verbal communication?

[A] E-mail

[B] Lecture

[C] Hand gestures

[D] Newsletter

57. Noise in communication refers to :

[A] Loud sounds

[B] Any interference that distorts the message

[C] Quiet environment

[D] Only physical sound

58. The first step in the communication process is :

[A] Feedback

[B] Encoding

[C] Sender has an idea

[D] Decoding

59. Informal communication is otherwise known as ________ communication.

[A] Grapevine

[B] Lateral

[C] Colloquial

[D] Vertical

60. Feedback in communication helps to :

[A] Confuse the sender

[B] Confirm understanding

[C] Delay the process

[D] Send the incorrect data

7582344

61. 'जो सबको समान भाव से देखे' उसे ——— कहते हैं।

[A] समदर्शी

[B] प्रत्युत्पन्नमति

[C] मितभाषी

[D] समसामयिक

62. निम्नलिखित में से विराम चिह्न के संबंध में असंगत युग्म है :

[A] अर्द्ध विराम (;)

[B] विवरण चिह्न (:-)

[C] लाघव चिह्न (०)

[D] पुनरुक्ति सूचक चिह्न ("")

63. 'तीन युगों में होने वाला' के लिए उपयुक्त शब्द है :

[A] त्रिकूट

[B] त्रियामा

[C] त्रियुगी

[D] त्रिलोक

7582344

64. 'आब' का अनेकार्थक शब्द **नहीं** है :

[A] पानी

[B] दृष्टि

[C] चमक

[D] शोभा

65. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :

[A] वह घोड़े में सवार था।

[B] मारे राम, जिलावे राम।

[C] उन्होंने हाथ जोड़ा।

[D] मुझे भारी दुःख हुआ।

66. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :

[A] श्रृंगार

[B] विरहणी

[C] संन्यासिनी

[D] सिंहवाहनी

67. 'संसार' शब्द में उपसर्ग है :

[A] स

[B] सत्

[C] सम्

[D] सह

68. निम्नलिखित में से 'शठता' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है :

[A] वरदान

[B] भीरुता

[C] आवश्यकता

[D] सज्जनता

69. निम्नलिखित में से **सही** वाक्य छाँटिए :

[A] आपका भवदीय।

[B] वर्तमान महासमर विश्व की सर्वप्रमुख समस्या है।

[C] साहित्य और जीवन का अभिन्न संबंध है।

[D] वह गीत की दो-चार लड़ियाँ गाती है।

70. 'हस्ती' का अनेकार्थक शब्द है :

[A] गति

[B] चेष्टा

[C] नटखटपन

[D] अस्तित्व

7582344

71. 'जलमग्न' में कौन-सा तत्पुरुष समास है?

[A] संप्रदान

[B] संबंध

[C] करण

[D] अधिकरण

72. निम्नलिखित में से बेमेल शब्द युग्म छाँटिए :

[A] अंक - अध्याय

[B] अब्ज - कपूर

[C] अब्धि - सरोवर

[D] अधर - कलंक

73. निम्नलिखित में से कौन-सा, **सही** भिन्नार्थक शब्द युग्म है?

[A] अतुल - गहरा

[B] अपर - दूसरा

[C] अपकार - भला

[D] अचल - पृथ्वी

74. 'सूरदास की काली कमरी चढ़े न दूजो रंग' लोकोक्ति का अर्थ है :

[A] एक से बढ़कर दूसरा

[B] गुण के साथ और कोई विशेषता

[C] आदतें पक्की होती हैं, बदलती नहीं

[D] किसी के भीतर और बाहर में अंतर होना

75. 'अन्वेषण' शब्द में कौन-सी संधि है?

[A] गुण संधि

[B] यण संधि

[C] व्यंजन संधि

[D] अयादि संधि

76. 'उधार खाए बैठना' मुहावरे का अर्थ है :

[A] गायब हो जाना

[B] सोच-विचार करते रहना

[C] बहुत दिनों बाद दिखाई देना

[D] हठ करना

7582344

77. 'यति' का विलोम शब्द है :

[A] कल्पित

[B] भूल

[C] बुढ़ापा

[D] गृहस्थ

78. निम्नलिखित में से बेमेल विपरीतार्थक शब्द है :

[A] अथ-इति

[B] अमर-मर्त्य

[C] अपकार-आदर

[D] अर्वाचीन-प्राचीन

79. 'भरपेट' में कौन-सा समास है?

[A] कर्मधारय

[B] अव्ययीभाव

[C] तत्पुरुष

[D] बहुव्रीहि

80. 'गुरुत्व' में कौन-सा प्रत्यय है?

[A] त्व

[B] त

[C] व

[D] तव

## गद्यांश – 3

*निर्देश (प्रश्न संख्या 81 – 85) : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' एक योजना है जिसका अर्थ है कन्या शिशुओं को बचाना, उन्हें सुरक्षा प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षित बनाना। यह योजना भारत सरकार द्वारा 22 जनवरी 2015 को कन्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने तथा महिलाओं के लिए कल्याण-कार्यक्रमों में सुधार करने के लिए शुरू की गयी थी। यह अभियान विभिन्न गतिविधियों; जैसे — बड़ी रैलियों, दीवार पत्रिका लेखन, टीवी विज्ञापनों, होर्डिंग, लघु एनिमेशन, वीडियो फिल्म, निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि के आयोजनों के माध्यम से प्रारंभ किया गया जिससे समाज के अधिक से अधिक लोगों को जागरूक बनाया जा सके। यह योजना पूरे देश में 'कन्या शिशु बचाओ' के सन्दर्भ में लोगों में जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका तो निभाएगी ही साथ ही भारतीय समाज में लड़कियों के स्तर को ऊपर उठाने में भी मदद करेगी। भारत के प्रत्येक नागरिक को यह समझना चाहिए कि लड़का और लड़की में कोई अंतर नहीं है। वे जिस तरह का दृष्टिकोण अपने लड़कों के प्रति रखते हैं वैसा ही लड़कियों के प्रति भी रखें। आज ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसे लड़कियाँ नहीं कर सकतीं, अतः भारत सरकार को प्रत्येक नागरिक से अपेक्षा है कि वे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें।

7582344

**81.** इस अभियान के आरंभ किए जाने हेतु, निम्नलिखित में से किस गतिविधि को **नहीं** अपनाया गया?

[A] बड़ी-बड़ी रैलियों का आयोजन।

[B] महिलाओं को नौकरियाँ दिया जाना।

[C] दीवार पत्रिका लेखन।

[D] एनिमेशन और वीडियो फिल्म बनाना।

**82.** इस योजना को शुरू करने के पीछे कई कारण थे। निम्नलिखित में से किस कारण का उल्लेख गद्यांश में **नहीं** किया गया है?

[A] कन्याओं की हत्या से माता-पिता को रोकना।

[B] कन्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना।

[C] महिलाओं के लिए कल्याण-कार्यक्रमों में सुधार लाना।

[D] कन्या शिशुओं को बचाना, उन्हें सुरक्षा प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षित बनाना।

83. 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

[A] इस योजना का अर्थ है कन्या शिशुओं को बचाना।

[B] उनको सुरक्षा प्रदान करना।

[C] उनको शिक्षित करना।

[D] उनको लड़कों से अधिक महत्व देना।

84. 'लड़का और लड़की में कोई अन्तर नहीं है' — यह समझ किसमें विकसित होनी आवश्यक है?

[A] सरकार में

[B] भारत के प्रत्येक नागरिक में

[C] पुरुष वर्ग में

[D] महिलाओं में

7582344

85. **कथन (A)** और **कारण (R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

**कथन (A) :** 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना भारत सरकार द्वारा 22 जनवरी 2015 को शुरू की गई थी।

**कारण (R) :** कन्याओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने और महिलाओं के लिए कल्याण कार्यक्रमों में सुधार लाने के लिए।

[A] **कथन (A)** सही है पर **कारण (R)** गलत है।

[B] **कथन (A)** गलत है पर **कारण (R)** सही है।

[C] **कथन (A)** सही है पर **कारण (R)**, **कथन (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

[D] **कथन (A)** सही है और **कारण (R)**, **कथन (A)** की सही व्याख्या है।

### गद्यांश – 4

*निर्देश (प्रश्न संख्या* **86 – 90**) : *निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय, सभ्यता के इतिहास का जीता-जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नई वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरंतर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय और नृपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त, विद्वज्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रण कला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी संपत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी-कभी एक-एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे। प्राचीनकाल से मुगल सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुंड-के-झुंड विद्यानुरागी लंबी यात्राएँ करके भारत आया करते थे।

**86.** पुराने समय में पुस्तकालयों की स्थापना में अधिक व्यय क्यों होता था?

[A] आर्थिक कमजोरी के कारण

[B] विद्यानुरागियों की कमी के कारण

[C] नये आविष्कार होने के कारण

[D] मुद्रण की व्यवस्था न होने के कारण

**87.** पुस्तकालय का प्रारंभ कब से हुआ?

[A] मानव सभ्यता के साथ

[B] मुद्रण कला के आविष्कार के साथ

[C] लिपि के आविष्कार के साथ

[D] अध्येताओं की रुचि के साथ

**88.** साहित्य की उन्नति का सबसे महत्वपूर्ण साधन क्या है?

[A] अध्ययन

[B] पुस्तकालय

[C] विचारधारा का प्रचार

[D] साहित्य रचना

7582344

**89.** पुस्तकालयों के कारण भारत को क्या गौरव प्राप्त था?

[A] सुदूर स्थित देशों से विद्यानुरागियों का आगमन होता था।

[B] देवालय, विद्यालय और नृपालय पुस्तकालय के प्रमुख स्थान होते थे।

[C] साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती थी।

[D] भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे।

**90.** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है :

[A] साहित्योन्नति

[B] पुस्तकालय और भारत

[C] लेखन और मुद्रण कला

[D] भारत में साहित्य

## गद्यांश – 5

*निर्देश (प्रश्न संख्या 91 – 95) : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

भारत के नवजागरण की शंख-ध्वनि करने वाले महापुरुषों में स्वामी विवेकानंद का स्थान अद्वितीय है। उनका दिव्य संदेश वस्तुतः भारत के लिए ही नहीं, अपितु संपूर्ण विश्व के लिए नए आध्यात्मिक उत्थान का उद्घोष था।

स्वामी विवेकानंद का जन्म 1863 ई० में हुआ। बचपन में उनका नाम नरेंद्र नाथ था। वे बचपन से ही होनहार दिखाई देते थे। उन्होंने अंग्रेजी स्कूलों में शिक्षा पाई और 1884 ई० में बी०ए० की डिग्री प्राप्त की। बचपन से ही उनके अंदर एक प्रबल आध्यात्मिक भूख थी। कुछ दिनों तक वे ब्रह्म समाज के अनुयायी रहे। वे नित्य प्रार्थना में सम्मिलित होते। स्वर बहुत ही अच्छा होने के कारण कीर्तन-समाज में उनका बड़ा आदर था, परंतु ब्रह्म समाज के सिद्धांत उनकी प्यास न बुझा सके। अतः सत्य की खोज में वे इधर-उधर भटकने लगे। उन दिनों स्वामी रामकृष्ण परमहंस के प्रति लोगों की बड़ी श्रद्धा थी। नवयुवक नरेंद्र नाथ भी उनके उपदेशों से इतने प्रभावित हुए कि उनकी भक्त-मंडली में सम्मिलित हो गए। उस सच्चे गुरु से अध्यात्म-तत्व और वेदांत रहस्य पाकर युवक नरेंद्र की आध्यात्मिक पिपासा शांत हुई। उनकी गुरु-भक्ति, गुरु-पूजा की सीमा तक पहुँच गई। जब कभी वे परमहंस जी की चर्चा करते तो एक-एक शब्द से श्रद्धा और सम्मान टपकता।

7582344

**91.** **कथन (A)** और **कारण (R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

**कथन (A) :** स्वामी विवेकानंद बचपन से ही होनहार दिखाई देते थे।

**कारण (R) :** उन्होंने अंग्रेजी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त की थी।

[A] **कथन (A)** सही है पर **कारण (R)** गलत है।
[B] **कथन (A)** गलत है पर **कारण (R)** सही है।
[C] **कथन (A)** सही है और **कारण (R), कथन (A)** की सही व्याख्या है।
[D] **कथन (A)** सही है पर **कारण (R), कथन (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**92.** गद्यांश के आधार पर स्वामी विवेकानंद के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है?

[A] उन्होंने भारत के नवजागरण की शंख-ध्वनि की।
[B] उनके दिव्य संदेश सम्पूर्ण विश्व के लिए आध्यात्मिक उत्थान का उद्घोष थे।
[C] वे आजीवन ब्रह्म समाज के अनुयायी रहे।
[D] वे परमहंस जी की चर्चा अत्यंत श्रद्धा और सम्मान से करते थे।

**93.** 'स्वामी विवेकानंद का कीर्तन-समाज में बड़ा आदर था।' — इसका कारण था :

[A] वे रामकृष्ण परमहंस जैसे महान संत के शिष्य थे।
[B] उनका स्वर बहुत ही अच्छा था।
[C] वे नित्य प्रार्थना में सम्मिलित होते थे।
[D] उनके प्रति लोगों की बड़ी श्रद्धा थी।

**94.** स्वामी विवेकानंद की आध्यात्मिक पिपासा शांत हुई :

[A] अध्यात्म-तत्व व वेदांत रहस्य से
[B] ब्रह्म समाज की शिक्षा से
[C] गुरु-भक्ति व गुरु-पूजा से
[D] परमहंस जी की छत्रछाया में रहने से

**95.** ब्रह्म समाज के अनुयायी होने पर भी स्वामी विवेकानंद किसकी खोज में भटकते रहे?

[A] सत्य की
[B] ईश्वर की
[C] अध्यात्म की
[D] गुरु की

गद्यांश – 6

*निर्देश (प्रश्न संख्या 96 – 100) : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

न्याय और करुणा का विरोध प्रायः सुनने में आता है। न्याय से ठीक प्रतिकार का भाव समझा जाता है। यदि किसी ने हमसे ₹ 1,000 उधार लिये तो न्याय यह है कि वह हमें ₹ 1,000 लौटा दे। यदि किसी ने कोई अपराध किया तो न्याय यह है कि उसको दण्ड मिले। यदि ₹ 1,000 लेने के उपरांत उस व्यक्ति पर कोई आपत्ति पड़ी और उसकी दशा अत्यंत शोचनीय हो गयी तो न्याय पालने के विचार का विरोध करुणा कर सकती है। इसी प्रकार यदि अपराधी मनुष्य बहुत रोता, गिड़गिड़ाता और कान पकड़ता है तथा पूर्ण दंड की अवस्था में अपने परिवार की घोर दुर्दशा का वर्णन करता है, तो न्याय के पूर्ण निर्वाह का विरोध करुणा कर सकती है। ऐसी अवस्थाओं में करुणा करने का सारा अधिकार विपक्षी अर्थात् जिसका रुपया चाहिए या जिसका अपराध किया गया है उसको है, न्यायकर्ता या तीसरे व्यक्ति को नहीं। जिसने अपनी कमाई के ₹ 1,000 अलग किये, या अपराध द्वारा जो क्षतिग्रस्त हुआ विश्वात्मा उसी के हाथ में करुणा जैसी उच्च सद्वृत्ति के पालन का शुभ अवसर देती है। करुणा सेंत का सौदा नहीं है। यदि न्यायकर्ता को करुणा है तो वह उसकी शांति पृथक् रूप से कर सकता है, जैसे ऊपर लिखे मामले में वह चाहे तो दुखिया ऋणी को हजार-पाँच सौ अपने पास से दे दे या दण्डित व्यक्ति तथा उसके परिवार की और प्रकार से सहायता कर दे। उसके लिए भी करुणा का द्वार खुला है।

**96.** न्याय से ठीक किसका भाव समझा जाता है?

[A] क्षमा

[B] करुणा

[C] प्रतिकार

[D] सहानुभूति

**97.** गद्यांश का मुख्य विचार क्या है?

[A] करुणा न्याय से श्रेष्ठ है।

[B] न्याय और करुणा समान है।

[C] न्याय और करुणा के अधिकार की सीमा।

[D] अपराधियों को क्षमा कर देना चाहिए।

**98.** लेखक के अनुसार करुणा करने का अधिकार किसे है?

[A] न्यायाधीश को

[B] तीसरे व्यक्ति को

[C] अपराधी को

[D] पीड़ित व्यक्ति को

**99.** लेखक के अनुसार करुणा ______ नहीं है।

[A] महान गुण

[B] सेंत का सौदा

[C] सद्वृत्ति

[D] मानवीय भावना

**100.** गद्यांश में 'विश्वात्मा' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

[A] न्यायाधीश

[B] समाज

[C] ईश्वर

[D] पीड़ित व्यक्ति

7582344